
# पेपर-बैग राजकुमारी

रॉबर्ट




एलिजाबेथ एक खूबसूरत राजकुमारी थी.
वो एक महल में रहती थी और उसके पास
राजकुमारियों के महंगे कपड़े थे.
वह रोनाल्ड नाम के एक राजकुमार से
शादी करने जा रही थी.



दुर्भाग्य से एक दिन एक ड्रैगन ने, राजकुमारी का महल तोड़ डाला. उसने अपनी लपटों वाली गर्म सांस से राजकुमारी के सभी महंगे कपड़े भी जला डाले.

ड्रैगन, अपने साथ राजकुमार रोनाल्ड को उठाकर ले गया.




एलिजाबेथ ने ड्रैगन का पीछा किया और राजकुमार रोनाल्ड को वापस लाने का फैसला किया.

एलिजाबेथ ने कुछ पहनने के लिए इधर-उधर, कुछ कपड़े खोजे. लेकिन उसे एक भी कपड़ा नहीं मिला. बड़ी मुश्किल से उसे केवल एक पेपर-बैग (कागज़ का थैला) मिला.


अंत में एलिजाबेथ ने वो पेपर-बैग पहना और फिर ड्रैगन का पीछा किया.

ड्रैगन का पीछा करना आसान था, क्योंकि वो अपने रास्ते में जले हुए जंगलों और घोड़ों की हड्डियों के निशान छोड़ गया था.




अंत में, एलिजाबेथ एक बड़े दरवाजे वाली गुफा तक पहुंची. दरवाजे में खटखटाने के लिए एक बड़ा हैंडल लगा था. एलिजाबेथ ने ज़ोर से दरवाज़ा खटखटाया. ड्रैगन ने अपनी नाक दरवाजे से बाहर की और कहा, "क्या? एक राजकुमारी! मुझे राजकुमारियों को खाना बहुत अच्छा लगता है. लेकिन मैं आज एक पूरा महल खा चुका हूँ. मेरा पेट भरा है और मैं एक बहुत व्यस्त ड्रैगन हूँ. तुम कल वापस आना."

फिर ड्रैगन ने दरवाजा इतनी तेजी से पटका कि एलिजाबेथ की नाक उससे टकराते-टकराते बची.




एलिजाबेथ ने हार नहीं मानी. उसने दुबारा दरवाज़ा ज़ोर से खटखटाया.
ड्रैगन ने फिर अपनी नाक दरवाजे से बाहर की और कहा, “चली जाओ. मुझे राजकुमारियों को खाना बहुत अच्छा लगता है. लेकिन मैं आज एक पूरा महल खा चुका हूँ. मेरा पेट भरा है और मैं एक बहुत व्यस्त ड्रैगन हूँ. तुम कल वापस आना."
"रुको," एलिजाबेथ चिल्लाई. "क्या यह सच है कि तुम पूरी दुनिया के सबसे चतुर और भयंकर ड्रैगन हो?"
"हाँ," ड्रैगन ने अपना सिर हिलाया.




"क्या यह सच है," एलिजाबेथ ने पूछा, "कि तुम अपनी एक गर्म सांस से दस जंगलों को एक-साथ जला सकते हो?"

"अरे हाँ," ड्रैगन ने कहा. फिर उसने एक बहुत गहरी साँस ली और बाहर फूंका. उसके मुंह से निकलने वाली आग से पचास जंगल तुरंत जलकर राख हो गए.



"बहुत खूब!" एलिजाबेथ ने कहा.
फिर ड्रैगन ने एक और लंबी सांस ली. इस बार उसने इतनी ज़ोर से फूंका कि पूरे सौ जंगल जलकर ख़ाक हो गए.
"वाह! शानदार!!" एलिजाबेथ चिल्लाई.
फिर ड्रैगन ने एक और गहरी सांस ली. पर इस बार जब उसने अपनी सांस बाहर छोड़ी तो उसमें से कुछ भी आग बाहर नहीं निकली.
अब ड्रैगन में एक आलू भूनने तक की आग नहीं बची थी!



एलिजाबेथ ने कहा, "ड्रैगन, क्या यह सच है कि तुम केवल दस सेकंड में पूरी दुनिया का एक चक्कर लगा सकते हो?"
"बिलकुल हाँ," ड्रैगन ने कहा. फिर ड्रैगन कूदा और वो फिर सिर्फ दस सेकंड में पूरी दुनिया का चक्कर लगाकर वापिस लौटा.
वापस आने पर वह बहुत थक गया था.
लेकिन एलिजाबेथ चिल्लाई, ''शानदार, क्या खूब! इसे फिर दोहराओ!"




ड्रैगन दुबारा उछला. पर इस बार उसे पूरी दुनिया का चक्कर काटने में कुछ ज़्यादा देर - सिर्फ बीस सेकंड लगे.


जब वह वापस लौटा तो वो थककर पस्त हो गया था और उसमें बात करने का दम तक नहीं बचा था. फिर ड्रैगन लेट गया और थककर सो गया.



एलिजाबेथ, ने फुसफुसाया, "हेलो, ड्रैगन."
लेकिन ड्रैगन बिल्कुल भी नहीं हिला.
फिर उसने ड्रैगन का कान ऊपर उठाया और
अपना सिर अंदर करके जोर से चिल्लाई,
"हेलो, ड्रैगन!"
लेकिन ड्रैगन इतना थक गया था
कि वो एक तिल भी नहीं हिला.



उसके बाद एलिजाबेथ, ड्रैगन के शरीर पर चढ़ी.
फिर उसने जाकर गुफा का दरवाजा खोला.
वहां पर राजकुमार रोनाल्ड था. रोनाल्ड ने राजकुमारी की ओर देखा और कहा, “एलिजाबेथ, तुम इतनी गंदी क्यों हो! तुम्हारे कपड़ों से राख की बदबू आ रही है, तुम्हारे बाल बुरी तरह उलझे हुए हैं और तुम एक गन्दा और पुराना पेपर-बैग पहने हो. तुम वापिस जाओ और एक असली राजकुमारी की तरह सजधज कर वापिस आओ!"



"रोनाल्ड," एलिजाबेथ ने कहा, "तुम्हारे कपड़े वाकई में बहुत सुंदर और राजसी हैं और तुम्हारे बाल बहुत साफ-सुथरे हैं. तुम सच में एक असली राजकुमार की तरह दिखते हो, लेकिन तुम अकल से बिल्कुल गधे हो!”

आखिर उन दोनों की शादी नहीं हुई.



समाप्त